*निविदा फार्म का मूल्य – 1000/– रूपये*

# लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल में वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु आयुर्वेदिक एवं हर्बल उत्पादों की पैकेजिंग में प्रयुक्त होने वाली पैकेजिंग सामग्री की क्रय आपूर्ति के संबंध में जारी ऑनलाइन ई–निविदा

ऑनलाइन निविदा प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि

दिनांक 14.04.2026 समय दोपहर 12.00 बजे तक

लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र (एम.एफ.पी–पार्क)

वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल

(प्रधान कार्यालय–म.प्र.राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित)

फोन : (0755) 2970629, 2970629, 4331459

Website: www.vindhyherbals.in , Email: mfpparc@gmail.com

## वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु आयुर्वेदिक एवं हर्बल उत्पादों की पैकेजिंग में प्रयुक्त होने वाली पैकेजिंग सामग्री की क्रय आपूर्ति के संबंध में ई–निविदा की अधिसूचना

मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ, मर्यादित भोपाल की आयुर्वेदिक एवं हर्बल उत्पादों के निर्माण एवं प्रसंस्करण की इकाई लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल में वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु आयुर्वेदिक एवं हर्बल उत्पादों की पैकेजिंग में प्रयुक्त होने वाली पैकेजिंग सामग्री की क्रय आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदाकारों से ई–निविदा के माध्यम से निविदा / वित्तीय प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते है।

1. ऑनलाईन ई–निविदा प्रपत्र एवं संबंधित विवरण म.प्र.शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर निर्धारित समय सीमा एवं अवधि हेतु उपलब्ध रहेगा।
2. इच्छुक निविदाकर्ता को आनलाइन आवेदन करने के पूर्व अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से म.प्र.शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर निर्धारित शुल्क जमा कर पंजीयन कराना आवश्यक है।

### निविदा के संबंध में निर्धारित समय सारणी

| कार्य विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|
| आनलाइन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने का समय | **दिनांक 25.03.2026 सायं 05.00 बजे से दिनांक 14.04.2026** को दोपहर 12.00 बजे तक निविदा प्रपत्र https://mptenders.gov.in पर ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा। |
| प्रि–बिड मीटिंग दिनांक एवं समय | **दिनांक 30.03.2026** को अपरान्ह 3.00 बजे |
| ऑनलाइन निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय) भरने / अपलोड करने की अंतिम दिनांक एवं समय | **दिनांक 14.04.2026** को दोपहर 12.00 बजे तक–<br>वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाइन **भरना / अपलोड** करना। |
| ऑनलाइन तकनीकी निविदा खोलने का दिनांक एवं समय | **दिनांक 15.04.2026** दोपहर 12.00 बजे से |
| आनलाइन वित्तीय निविदा खोलने का दिनांक एवं समय | तकनीकी निविदा की कार्यवाही उपरांत वित्तीय निविदा प्रस्ताव खोलने के संबंध में पृथक सूचित किया जावेगा। |
| निविदा प्रपत्र शुल्क | **राशि रूपये 1000 / – (एक हजार रुपये) का भुगतान ई–पेमेन्ट द्वारा ऑनलाईन जमा करना होगा।** |
| ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया शुल्क | **पोर्टल https://mptenders.gov.in की शर्तो अनुसार पोर्टल में दर्शित प्रोसेसिंग फीस को निविदाकार को ई–पेमेंट द्वारा जमा करना होगा।** |
| निविदा प्रतिभूति (EMD) राशि | **राशि रू. 50,000 / – (पचास हजार रूपये) का भुगतान ई–पेमेन्ट द्वारा ऑनलाईन जमा करना होगा।** |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी<br>
लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल

## ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया से संबंधित दिशा–निर्देश एवं शर्तें:–

1. प्रथम बार ई–टेंडरिंग में भाग लेने वाले निविदाकार, निविदा भरने से पूर्व पंजीयन, डिजिटल हस्ताक्षर आदि औपचारिकताओं की पूर्ति अग्रिम में कर लें।
2. **निविदा प्रपत्र शुल्क**–निविदा में भाग लेने के इच्छुक निविदाकार को सर्वप्रथम म.प्र.शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन पंजीयन प्रक्रिया पूर्णकर, रू. 1000 / – के ई–पेमेन्ट से द्वारा निविदा प्रपत्र क्रय कर निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकेगा।
3. **प्रोसेसिंग फीस**–पोर्टल https://mptenders.gov.in की शर्तो अनुसार पोर्टल में दर्शित प्रोसेसिंग फीस को निविदाकार को ई–पेमेंट द्वारा जमा करना होगा।
4. **निविदा प्रतिभूति** (Earnest Money Deposit)–निविदा प्रतिभूति (EMD) की राशि रूपये 50,000 / – (रूपये पचास हजार मात्र) होगी, जिसे ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से ई–पेमेंट द्वारा जमा करना होगा। निविदा प्रतिभूति (EMD) राशि अन्य किसी भी रूप में स्वीकार नहीं की जावेगी। निविदा प्रतिभूति (EMD) राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नही होगा।
5. निविदाकार म.प्र.शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in के माध्यम से दिनांक 14.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा ऑनलाइन अपलोड कर सकेगें।
6. निविदाकारों को निविदा से संबंधित स्पष्टीकरण या नियत तिथि वृद्धि की सूचना हेतु ई–टेंडरिंग वेबसाईट का नियमित अवलोकन करना होगा।
7. निविदा अहस्तांतरणीय है। निविदा फार्म हेतु जमा की गई राशि वापिस नहीं की जावेगी। निविदा प्रतिभूति (EMD) के बिना निविदा निरस्त कर दी जाएगी।
8. निविदाकार को निविदा प्रपत्र आनलाईन फार्मेट में डिजिटल साईन के साथ प्रस्तुत करना होगा। इस हेतु निविदाकार को https://mptenders.gov.in पोर्टल पर आनलाईन पंजीयन करना होगा। उक्त पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया एवं निविदा ऑनलाईन क्रय / जमा करने की प्रक्रिया संबंधी जानकारी हेतु टोल फ्री नं. 0120–4200462 / 4001002 पर कार्य दिवसों में प्रातः 10 से सायं 7 बजे तक या ईमेल–eproc@nic.in पर संपर्क कर सकते हैं। आनलाइन निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सर्टिफिकेट, इन्फोरमेशन टेक्नोलाजी अधिनियम–2000 के तहत प्राप्त करना होगा। निविदाकार डिजिटल सर्टिफिकेट, सीसीए द्वारा स्वीकृत संस्था से प्राप्त कर सकते है। जिन निविदाकारों के पास पूर्व से वैध डिजिटल सर्टिफिकेट है, उन्हें नया डिजिटल सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नही है।
9. 9.1 आयटम क्रमांक पी–1 से पी–15 तक तथा पी–52 से पी–65 तक के लिए मूल निर्माणकर्ताओं से प्राप्त दरों को ही मान्य किया जावेगा। सर्शत बोली स्वीकार नही की जाएगी।
   9.2 निविदाकार को पिछले तीन वर्षो में पैकेजिंग सामग्री की आपूर्ति (रू. 20 लाख प्रतिवर्ष अनुसार तीन वर्षो) के कार्य आदेशों / पूर्णता प्रमाण पत्रों की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगी।
10. आनलाइन निविदा प्रस्ताव के 2 इलेक्ट्रानिक लिफाफे होगें–
    (1) तकनीकी निविदा
    (2) वित्तीय निविदा
11. तकनीकी निविदा प्रस्ताव में वांछित दस्तावेजों की प्रतियां जोकि अधिकृत व्यक्ति द्वारा स्व–प्रमाणित हो, स्केन कर अपलोड करनी होगी।
12. निविदाकार का निम्नानुसार 3 वित्तीय वर्षो का न्यूनतम औसत टर्नओवर 50 लाख होना आवश्यक है–(अ) वित्तीय वर्ष 2022–23 (ब) वित्तीय वर्ष 2023–24 (स) वित्तीय वर्ष 2024–25
13. **आनलाइन वित्तीय निविदा भरते समय निविदाकार यह सुनिश्चित कर ले कि निविदा के परिशिष्ट–1 में वर्णित सामग्री की आपूर्ति निर्धारित समय सीमा में करने हेतु सक्षम है।**

14. आपूर्ति की गई सामग्री यदि निर्धारित मानदंडों एवं उच्च गुणवत्ता के अनुरुप नही पाई जाती तो निविदाकार स्वयं के व्यय पर उसे समयावधि में बदलेगा।
15. मानक अनुरुप आपूर्ति न करने की दशा में नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
16. निविदा के संबंध में प्रि–बिड बैठक दिनांक 30.03.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे एम.एफ.पी. पार्क में होगी। **प्रि–बिड बैठक में उत्पादों के सेम्पल के साथ निविदाकार / उनके प्रतिनिधि उपस्थित होना सुनिश्चित करें।** निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रानिक फार्मेट में म.प्र.शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर ऑनलाइन दिनांक 14.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे जमा तक कराए जा सकते है। आनलाइन निविदाएं **''मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र (एम.एफ.पी.–पार्क), वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल के कार्यालय में निम्नानुसार निर्धारित दिनांक एवं समय पर खोली जाएंगीः–**
    - 16.1 तकनीकी निविदाः–ऑनलाईन प्राप्त निविदाए दिनांक 15.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे से निविदाकार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिती में निविदा समिति द्वारा खोली जाएगी।
    - 16.2 वित्तीय निविदाः– तकनीकी निविदा की कार्यवाही उपरांत वित्तीय निविदा प्रस्ताव खोलने हेतु सफल निविदाकारों को पृथक से सूचित करते हुए, निविदाकार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिती में निविदा समिति द्वारा खोली जाएगी।

17. तकनीकी निविदा (Technical Bid)–

**निविदाकार द्वारा निविदा प्रपत्र को ऑनलाईन भरा जाकर निम्नलिखित दस्तावेज दिनांक 14.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक पोर्टल पर अपलोड कराया जाना आवश्यक है–**

- 17.1 ई–पेमेंट द्वारा जमा निविदा प्रपत्र शुल्क का ब्यौरा।
- 17.2 ई–पेमेंट द्वारा जमा निविदा प्रतिभूति (ई.एम.डी.) राशि का ब्यौरा।
- 17.3 संस्था के पंजीयन के प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति।
- 17.4 पेन / टेन की सत्यापित छायाप्रति।
- 17.5 निविदाकार का GST पंजीयन प्रमाण की सत्यापित छायाप्रति।
- 17.6 चार्टड एकाउटेंट / अंकेक्षक द्वारा प्रमाणीकृत विगत तीन वित्तीय वर्षो (FY 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25) के टर्नओवर की प्रति।
- 17.7 पिछले 3 आंकलन वर्षों (AY 2023–24, 2024–25 एवं 2025–26) हेतु जमा आयकर विवरणिका (ITR) की प्रति।
- 17.8 संस्था द्वारा निविदा में भाग लेने के लिये संस्था के लेटरहेड पर अधिकार पत्र।
- 17.9 निविदाकार को 100 रुपए के नान–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर अथवा संस्था के लेटरहेड पर स्वयं सत्यापित प्रमाण पत्र देना होगा, जिसमें यह घोषणा की जावेगी कि निविदाकर्ता का नाम केन्द्र शासन / किसी भी राज्य शासन के विभाग एवं उसके निगम मंडल की काली सूची में दर्ज नहीं है।

**(उपरोक्त वर्णित बिन्दु क्रमांक–17.1 से 17.9 तक के प्रपत्र एवं दस्तावेज स्केन कर आनलाइन तकनीकी लिफाफे में अपलोड करना अनिवार्य है, ऐसा न करने पर निविदा निरस्त कर दी जाएगी। निविदा निरस्त होने की स्थिति में किसी भी प्रकार का विवाद स्वीकार्य नहीं होगा।)**

- 17.10 परिशिष्ट–2 के अनुसार निविदाकार द्वारा घोषणा, हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित।
- 17.11 निविदाकार की संस्था / उसके सहभागी / गठन पता, दूरभाष नं., फैक्स नं., ई–मेल नं. का दस्तावेज, परिशिष्ट–3 के अनुसार हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित।
- 17.12 निविदाकार चैकलिस्ट परिशिष्ट–4 अनुसार क्रमबद्ध तरीके से अभिलेखों को एकसाथ स्केन कर संलग्न करेंगे।
- 17.13 निविदा प्रपत्र एवं संलग्न दस्तावेजों के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर / सील अंकित की जाए।

18 निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।

19 निविदा खोलने की तिथि को यदि किसी कारणवश अवकाश रहता है, तो अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर निविदाएं खोलने की कार्यवाही की जाएगी।

20 निविदा से संबंधित समस्त प्रक्रियाएं आनलाईन होगी।

21 निविदा खोलने की तिथि को किसी कारणवश यदि सभी निविदा नही खोले जा सकने की स्थिति में अगले कार्यदिवस में शेष निविदा खोलने का कार्य जारी रहेगा।

22 तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की ही वित्तीय निविदाएं खोली जाएंगी।

23 यह संस्थान विलम्ब या अप्राप्त होने वाले निविदा फार्म के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

24 फैक्स या ई–मेल से भेजी गई निविदा स्वीकार नहीं होगी।

25 <u>आनलाइन वित्तीय निविदा **(Financial Bid)**</u>

25.1 निविदाकार परिशिष्ट–1 सूची अनुसार उत्पादों के लिये अपनी दर निर्धारित कालम में आनलाइन मोड में ही प्रस्तुत कर सकेंगे। भौतिक रुप से वित्तीय निविदा मान्य नही होगी।

25.2 उत्पाद की दरें बिना कर (Without Tax) के निविदा प्रपत्र में किये गये उल्लेखानुसार प्रति नग / किलोग्राम, वर्गफीट, सैकड़ा / हजार जो भी लागू हो के अनुसार प्रस्तुत की जाएं। देय भुगतान पर लागू करों का भुगतान नियमानुसार किया जाएगा।

25.3 उत्पाद की दरें भोपाल स्थित केन्द्र तक माल पहुंचाने, परिवहन एवं अनलोडिंग सहित होंगी। प्रस्तावित दरें निर्धारित प्रारुप में ही मान्य होंगी।

26 किसी भी निविदा को स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार **मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल का होगा।**

27 सफल निविदाकार को दर स्वीकृति की सूचना पत्र द्वारा प्रेषित की जावेगी।

28 **निष्पादन प्रतिभूति** (Performance Guarantee)– ''म.प्र.भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 यथा संशोधित–2022'' अनुसार निविदा के उचित निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु सफल निविदाकार को निष्पादन प्रतिभूति राशि सुरक्षा निधि के रूप में 7 दिवस के भीतर जमा करना होगी। सफल निविदाकार को करारनामा किये जाने के पूर्व प्रत्येक आयटम / सामग्री का संविदा मूल्य (स्वीकृत दर और आवश्यक मात्रा के गुणन) की 3 प्रतिशत निष्पादन प्रतिभूति राशि किसी भी वाणिज्यिक बैंक से डिमांड ड्राफ्ट, मियादी जमा रसीद अथवा बैंकर्स चैक "CEO, MFP-PA RC, Bhopal" के नाम से भोपाल में देय अथवा 18 माह के लिए वैध बैंक गारंटी "CEO, MFP-PARC, Bhopal" के पक्ष में जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समयावधि में निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) जमा न कराये जाने पर संबंधित निविदाकार की निविदा निरस्त करने अथवा निविदाकार को देय राशि से वसूलने एवं ई.एम.डी. राजसात करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा।

29 सफल निविदाकर्ता से सुरक्षा निधि के रूप में निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) राशि प्राप्त होने पर ही निविदाकर्ता द्वारा पोर्टल पर ऑनलाईन जमा निविदा प्रतिभूति (EMD) राशि को आनलाइन पोर्टल की शर्त अनुसार वापस उनके खाते में लौटाई जाएगी।

30 **निविदाकार का करारनामा–** सफल निविदाकार द्वारा रूपये 100 / – के नॉनज्यूडिशयल / नोटराइज्ड स्टाम्प पत्र पर एक करारनामा (इसका वहन निविदाकार द्वारा किया जाना है) ''मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल'' के साथ दर स्वीकृति की सूचना के 7 कार्य दिवस के भीतर किया जाना अनिवार्य है।

31 **आपूर्ति की शर्तें–**

31.1 निविदाकार को केन्द्र की आवश्यकतानुसार कब–कब, क्या–क्या और कितनी मात्रा में उत्पाद आपूर्ति / सप्लाई करना है इसकी सूचना पृथक से समय–समय पर लिखित में दी जावेगी।

आपूर्ति / सप्लाई लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, वन परिसर बरखेड़ा पठानी, भोपाल में की जाएगी।

31.3 उत्पादों की परिशिष्ठ—1 में उल्लेखित पूरी मात्रा एकबार में लिया जाना अनिवार्य नहीं है। समय—समय पर केन्द्र की आवश्यकता अनुसार उत्पाद मंगाये जावेंगे। मात्रा को कम करना या बढ़ाने का अधिकार ''**मुख्य कार्यपालन अधिकारी लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल**'' को होगा।

31.4 आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति आदेश उपरांत यदि सप्लाई 7 कार्य दिवसों में नहीं की जावेगी तो ''**मुख्य कार्यपालन अधिकारी लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल**'' को यह अधिकार होगा कि वह कुल सप्लाई के मूल्य का 1% राशि पैनल्टी के रूप में निविदाकार की जमा निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) में से कटौती कर लें एवं निविदाकार को उक्त सामग्री के लिए तीन वर्षो के लिए प्रतिबंधित (ब्लेकलिस्ट) कर दिया जावे।

31.5 आपूर्तिकर्ता सुनिश्चित करें कि निर्धारित मापदण्ड एवं उच्च गुणवत्ता की सामग्री ही आपूर्ति की जाए। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का आवश्यकतानसुार निविदा के मानकों के अनुरुप तकनीकी स्पेसिफिकेशन का परीक्षण कराया जाएगा।

31.6 निविदाकार द्वारा भेजे गए उत्पाद / सामग्री की प्राप्ति के समय मात्रा में कमी या ह्रास की जिम्मेदारी निविदाकार की होगी। जिस उत्पाद के लिए सप्लाई आदेश जारी नहीं किया गया उसकी प्राप्ति के लिए **लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल** उत्तरदायी नहीं होगा। अतःसप्लाई आदेश अनुसार ही सामग्री की आपूर्ति की जावे।

31.7 सफल निविदाकार के कार्यालय और गोदाम का **मुख्य कार्यपालन अधिकारी लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल** या उनके नामित कोई प्रतिनिधि निरीक्षण कर सकेगा।

31.8 निविदाकार द्वारा कोई भी उत्पादों की आपूर्ति sublet द्वारा नहीं की जा सकेगी।

31.9 सफल निविदाकार द्वारा उल्लेखित उत्पाद / सामग्री की निर्धारित मात्रा एवं समय पर प्रदाय न करने की दशा में एल—2 निविदाकार से एल—1 दर क्रय कर लिया जायेगा, एल—2 निविदाकार द्वारा सामग्री प्रदाय न करने पर एल—3 निविदाकार से एल—1 दर पर (म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 यथा संशोधित—2022 अनुसार) क्रय कर लिया जायेगा तथा क्रय किये गये कच्ची सामग्री के मूल्य में यदि कोई अन्तर होता है तो अन्तर की राशि सफल निविदाकार से वसूल की जायेगी। ऐसी स्थिति में निविदाकार द्वारा सुरक्षा निधि के रूप में जमा निष्पादन प्रतिभूति राशि अधिग्रहित की जा सकेगी।

31.10 केन्द्र के हितो को ध्यान में रखते हुए किसी सामग्री का स्वीकृत निविदाकार के अतिरिक्त अन्य से क्रय करने का सम्पूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा।

## 32 भुगतान

32.1 आपूर्ति हेतु उत्पाद की कीमत के विरूद्ध कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जावेगा।

32.2 उत्पाद की प्राप्ति के अधिकतम 45 कार्य दिवस में देयक की प्रस्तुति पर भुगतान किया जावेगा।

32.3 निविदा प्रतिभूति (ई.एम.डी.) एवं निष्पादन प्रतिभूति राशि पर कोई भी ब्याज देय नहीं होगा। असफल निविदाकार को उनके द्वारा जमा की गई निविदा प्रतिभूति राशि पोर्टल से ऑनलाईन उनके खाते में वापस कर दी जावेगी।

33. निविदा में स्वीकृत दरें वित्तीय वर्ष 2026—27 की समाप्ति / आगामी निविदा दरों की स्वीकृति तक मान्य होगी। इस अवधि में निविदा में उल्लेखित सामग्रियों की दरें को कभी भी निरस्त किये जाने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा।

34. सफल निविदाकर्ता को उनके द्वारा सुरक्षा निधि के रूप में जमा निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) की राशि वित्तीय वर्ष समाप्ति / आगामी निविदा स्वीकृति उपरांत पृथक से लौटाई जावेगी।

35. असुविधा से बचने के लिए कृपया निविदा भरने हेतु अंतिम दिनांक की प्रतीक्षा न करें। समस्त प्रक्रियाएं निर्धारित प्रपत्रों में ही करें।
36. **भुगतान में कटौती**–यदि प्रदाय उत्पाद/सामग्री की मात्रा में कमी/ह्रास होता है तो भुगतान में उसकी कटौती की जावेगी।
37. सफल निविदाकार के भुगतान में से शासन नियमानुसार टी.डी.एस. व जी.एस.टी.–टी.डी.एस. की कटौती की जावेगी।
38. निविदा के सम्बन्ध में किसी भी तरह के विवाद की स्थिति में प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ, भोपाल का निर्णय अंतिम तथा बंधनकारी होगा।
39. न्यायालीन विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी,**
एम.एफ.पी.–पार्क, बरखेड़ा पठानी, भोपाल

परिशिष्ट–1

## वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु आवश्यक पैकेजिंग सामग्री का विवरण

| Sl.No. | Item Code | Item Description | Criteria | Unit | Annual Require |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पी-1 | HDPE Jar 1 Kg Churna / Tablet | 94 gm | No. | 50,000 |
| 2 | पी-2 | HDPE Jar Food Grade 250 Gm (For Chyawanprash) (With Lid) | 32 gm | No. | 2,00,000 |
| 3 | पी-3 | HDPE Jar Food Grade 500 Gm (For Chyawanprash) (With Lid) | 42 gm | No. | 1,00,000 |
| 4 | पी-4 | HDPE Jar for Food Grade 50 Gm Powder (Round Box) | 13 gm | No. | 10,00,000 |
| 5 | पी-5 | HDPE Jar for Food Grade 100 Gm Powder (Round Box) (With Lid) | 17 gm | No. | 50,00,000 |
| 6 | पी-6 | HDPE Jar for Food Grade 500 Gm Powder (1000 Ml Long Box) (With Lid) | 60 gm | No. | 1,00,000 |
| 7 | पी-7 | HDPE Jar for Food Grade 20 Tablets (Round Box) (With Lid) | 5 gm | No. | 20,00,000 |
| 8 | पी-8 | HDPE Jar for Food Grade 60 Tablets (Round Box) (With Lid) | 8 gm | No. | 3,00,000 |
| 9 | पी-9 | HDPE 10 Ml Dropper (Including Lid and Inner) | As per sample | No. | 1,00,000 |
| 10 | पी-10 | HDPE 20 Ml Dropper (Including Lid and Inner) | As per sample | No. | 1,00,000 |
| 11 | पी-11 | Amber Pet Bottle 60 Ml Oil (Without Lid) | 13.88 gm. Neck size 25mm ROPP | No. | 5,00,000 |
| 12 | पी-12 | Amber Pet Bottle 100 Ml Distillate (Without Lid) | 12. gm. Neck size 25mm ROPP | No. | 5,00,000 |
| 13 | पी-13 | Amber Pet Bottle 200 Ml Distillate (Without Lid) | 18.25 gm. Neck size 25mm ROPP | No. | 3,00,000 |
| 14 | पी-14 | Amber Pet Brute Bottle 200 Ml Distillate (Without Lid) | 18.25 gm. Neck size 25mm ROPP | No. | 3,00,000 |
| 15 | पी-15 | Amber Pet Bottle 450 Ml Distillate (Without Lid) | 33 gm. Neck size 25mm ROPP | No. | 3,00,000 |
| 16 | पी-16 | Glass Bottle (Round) with golden Cap for Honey 50 gm | As per sample | No. | 50,000 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 17 | पी-17 | Glass Bottle (Round) with golden Cap for Honey 250 gm | As per sample | No. | 50,000 |
| 18 | पी-18 | Glass Bottle (Round) with golden Cap for Honey 500 gm | As per sample | No. | 2,00,000 |
| 19 | पी-19 | Glass Bottle (Round) with golden Cap for Honey 1 Kg | As per sample | No. | 1,00,000 |
| 20 | पी-20 | Aluminium Cap (with Logo and Symbols Printed) | 25mm | No. | 5,00,000 |
| 21 | पी-21 | Aluminium Cap (Without Logo and Symbols Printed) | 25mm | No. | 10,00,000 |
| 22 | पी-22 | Plastic Inner Cap 25 Mm | 25mm (10 No) | No. | 15,00,000 |
| 23 | पी-23 | Flip Top Cap (24 mm) White | As per sample | No. | 1,00,000 |
| 24 | पी-24 | Flip Top Cap (24 mm) Black | As per sample | No. | 1,00,000 |
| 25 | पी-25 | Flip Top Cap (24 mm) Golden | As per sample | No. | 1,00,000 |
| 26 | पी-26 | Flip Top Cap (25 mm) White | As per sample | No. | 1,00,000 |
| 27 | पी-27 | Flip Top Cap (25 mm) Black | As per sample | No. | 1,00,000 |
| 28 | पी-28 | Flip Top Cap (25 mm) Golden | As per sample | No. | 1,00,000 |
| 29 | पी-29 | HDPE Plastic Cap (25 mm) | As per samples | No. | 5,00,000 |
| 30 | पी-30 | Aluminium Wad Foil (Rate Per Thousand) | 22 mm | No. | 2,00,000 |
| 31 | पी-31 | Aluminium Wad Foil (Rate Per Thousand) | 27 mm | Per Thousand | 2,00,000 |
| 32 | पी-32 | Aluminium Wad Foil (Rate Per Thousand) | 28 mm | Per Thousand | 2,00,000 |
| 33 | पी-33 | Aluminium Wad Foil (Rate Per Thousand) | 33 mm | Per Thousand | 2,00,000 |
| 34 | पी-34 | Aluminium Wad Foil (Rate Per Thousand) | 37 mm | Per Thousand | 2,00,000 |
| 35 | पी-35 | Aluminium Wad Foil (Rate Per Thousand) | 45 mm | Per Thousand | 2,00,000 |
| 36 | पी-36 | Aluminium Wad Foil (Rate Per Thousand) | 51 mm | Per Thousand | 2,00,000 |
| 37 | पी-37 | Aluminium Wad Foil (Rate Per Thousand) | 66 mm | Per Thousand | 2,00,000 |
| 38 | पी-38 | Aluminium Wad Foil (Rate Per Thousand) | 80 mm | Per Thousand | 2,00,000 |
| 39 | पी-39 | Aluminium Wad Foil (Rate Per Thousand) | 112 mm | Per Thousand | 2,00,000 |
| 40 | पी-40 | Aluminium Foil (Rate Per Thousand) | 20 mm | Per Thousand | 2,00,000 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 41 | पी-41 | Aluminium Foil (Rate Per Thousand) | 25 mm | Per Thousand | 2,00,000 |
| 42 | पी-42 | Aluminium Foil (Rate Per Thousand) | 30 mm | Per Thousand | 20,00,000 |
| 43 | पी-43 | Aluminium Foil (Rate Per Thousand) | 35 mm | Per Thousand | 2,00,000 |
| 44 | पी-44 | Aluminium Foil (Rate Per Thousand) | 40 mm | Per Thousand | 2,00,000 |
| 45 | पी-45 | Aluminium Foil (Rate Per Thousand) | 45 mm | Per Thousand | 2,00,000 |
| 46 | पी-46 | Aluminium Foil (Rate Per Thousand) | 50 mm | Per Thousand | 2,00,000 |
| 47 | पी-47 | Aluminium Foil (Rate Per Thousand) | 55 mm | Per Thousand | 20,00,000 |
| 48 | पी-48 | Aluminium Foil (Rate Per Thousand) | 60 mm | Per Thousand | 2,00,000 |
| 49 | पी-49 | Aluminium Foil (Rate Per Thousand) | 72 mm | Per Thousand | 2,00,000 |
| 50 | पी-50 | Aluminium Foil (Rate Per Thousand) | 80 mm | Per Thousand | 2,00,000 |
| 51 | पी-51 | Aluminium Foil (Rate Per Thousand) | 95 mm | Per Thousand | 2,00,000 |
| 52 | पी-52 | Corrugated Box (For Honey 1 Kg) (With Logo and Symbols Printed) 7 Ply 120 GSM 20BF (All Layers) Top layer - printed single colour | 40 cm x 22 cm x 20 cm | No. | 5,000 |
| 53 | पी-53 | Corrugated Box (For Honey 1 Kg) (Without Logo and Symbols Printed) 7 Ply 120 GSM 20BF (All Layers) | 40 cm x 22 cm x 20 cm | No. | 5,000 |
| 54 | पी-54 | Corrugated Box (for Honey 500 Gm) (With Logo and Symbols Printed) 7 Ply 120 GSM 20BF (All Layers) Top layer - printed single colour | 50 cm x 36 cm x 17 cm | No. | 5,000 |
| 55 | पी-55 | Corrugated Box (for Honey 500 Gm) (Without Logo and Symbols Printed) 7 Ply 120 GSM 20BF (All Layers) | 50 cm x 36 cm x 17 cm | No. | 5,000 |
| 56 | पी-56 | Corrugated Box (for Honey 250 Gm) (With Logo and Symbols Printed) 7 Ply 120 GSM 20BF (All Layers) Top layer - printed single colour | 44 cm x 31 cm x 15 cm | No. | 5,000 |
| 57 | पी-57 | Corrugated Box (for Honey 250 Gm) (Without Logo and Symbols Printed) 7 Ply 120 GSM 20BF (All Layers) | 44 cm x 31 cm x 15 cm | No. | 5,000 |
| 58 | पी-58 | Corrugated Box (With Logo and Symbols Printed) 5 Ply 120 GSM 20BF (All Layers) Top layer - printed single colour | 15x21x6.5 Inch | No. | 25,000 |
| 59 | पी-59 | Corrugated Box (Without Logo and Symbols Printed) 5 Ply 120 GSM 20BF (All Layers) | 15x21x6.5 Inch | No. | 25,000 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 60 | पी-60 | Corrugated Box (With Logo and Symbols Printed) 7 Ply 120 GSM 20BF (All Layers) Top layer - printed single colour | 15x21x6.5 Inch | No. | 50,000 |
| 61 | पी-61 | Corrugated Box (Without Logo and Symbols Printed) 7 Ply 120 GSM 20BF (All Layers) | 15x21x6.5 Inch | No. | 50,000 |
| 62 | पी-62 | Corrugated Box (With Logo and Symbols Printed) 5 Ply 120 GSM 20BF (All Layers) Top layer - printed single colour | 16x12x16 Inch | No. | 25,000 |
| 63 | पी-63 | Corrugated Box (Without Logo and Symbols Printed) 5 Ply 120 GSM 20BF (All Layers) | 16x12x16 Inch | No. | 25,000 |
| 64 | पी-64 | Corrugated Box (With Logo and Symbols Printed) 7 Ply 120 GSM 20BF (All Layers) Top layer - printed single colour | 16x12x16 Inch | No. | 50,000 |
| 65 | पी-65 | Corrugated Box (Without Logo and Symbols Printed) 7 Ply 120 GSM 20BF (All Layers) | 16x12x16 Inch | No. | 50,000 |
| 66 | पी-66 | Polypropylene PP Bag with lamination (Bori White 50 Kgs) – per kg | 24 inch x 36 inch | per kg | 30,000 |
| 67 | पी-67 | Polypropylene PP Bag Printed with lamination (Bori White 50 Kgs) – per kg | 24 inch x 36 inch | per kg | 30,000 |
| 68 | पी-68 | Polypropylene PP Bag with lamination (Bori White 40 Kgs) – per kg | As per Sample | per kg | 10,000 |
| 69 | पी-69 | Polythene Bags (Transparent 50 Kgs) Rate Per Kg | 24 inch x 36 inch | per kg | 5,000 |
| 70 | पी-70 | Polythene Bags (Transparent 50 Kgs) Rate Per Kg | 22 inch x 45 inch | per kg | 10,000 |
| 71 | पी-71 | Polythene Bags (In Different Sizes) Rate Per Kg | As per sample | per kg | 800 |
| 72 | पी-72 | Poly Bag for Nursery Plant (Black Colour, Difference Size) Per Kg | As per sample | per kg | 400 |
| 73 | पी-73 | Silver Pouch Different Size (Food Grade) | Per Kg | No. | 500 |
| 74 | पी-74 | Cello Tape (20 Meters In Length) | 0.5 Inch | No. | 50 |
| 75 | पी-75 | Cello Tape (65 M Length) 48 Rolls Per Box Logo and Symbols Printing (Per box) | 3 Inch | Per box | 500 |
| 76 | पी-76 | Cello Tape (65 M Length) 48 Rolls Per Box Without Logo and Symbols Printing (per Box), Brown tap 63m 48 rolls | 3 Inch | Per box | 500 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 77 | पी-77 | Empty Gelatine Capsules (High Quality) food grade | Zero Size (Rate Per 1000) | Per Thousand | 10,00,000 |
| 78 | पी-78 | Printed Capsule Box According to the Sample for Different Capsules Including Multicolour Lamination | 30 Capsule with Designining | No. | 10,000 |
| 79 | पी-79 | Markin Cotton Cloths Thick (per meter) | As per sample | Per Meter | 10,000 |
| 80 | पी-80 | Markin Cotton Cloths Thin (per meter) | As per sample | Per Meter | 10,000 |
| 81 | पी-81 | Silica Pouch (0.5 gm) food grade | As per sample | No. | 10,00,000 |
| 82 | पी-82 | Sticker Sheet (White) (In Packet) | A-4 Size | Per Packet | 200 |
| 83 | पी-83 | Thermocol | 8 mm | No. | 500 |
| 84 | पी-84 | Thermocol | 5 mm | No. | 500 |
| 85 | पी-85 | Bubble Sheet | As per Sample | No. | 20 |
| 86 | पी-86 | Sutli (Jute) | As per sample | per kg | 500 |
| 87 | पी-87 | Noise Protector | As per sample | No. | 100 |
| 88 | पी-88 | Industrial Cap | As per sample | No. | 300 |
| 89 | पी-89 | Industrial Goggles | As per sample | No. | 100 |
| 90 | पी-90 | The Dust Protection Mask | Standard | No. | 100 |
| 91 | पी-91 | The Industrial Safety Gloves (50 Set) powder free | Cotton | No. | 50 |
| 92 | पी-92 | The Industrial Safety Gloves (50 Set) powder free | Nitrile | No. | 50 |
| 93 | पी-93 | Disposable Gloves (100 Pc = 1 Unit) powder free | Latex Examination | 100 Pc = 1 pack | 50,000 |
| 94 | पी-94 | Disposable Mask (100 Pc = 1 Unit) | Face Mask premium quality Soft Woven Cloth | 100 Pc = 1 pack | 50,000 |
| 95 | पी-95 | Disposable Non-Woven Shoes cover (100 Pc = 1 Unit) | As per sample | 100 Pc = 1 pack | 50,000 |
| 96 | पी-96 | Disposable Poly Shoes cover (100 Pc = 1 Unit) | As per sample | 100 Pc = 1 pack | 50,000 |
| 97 | पी-97 | Surgical Cap (100 Pieces = 1 pack) | As per sample | 100 Pc = 1 pack | 50,000 |

Note: Size is approximate & can have minor variations as per design

**परिशिष्ट –2**

:: **घोषणा** ::

1. मैं (नाम) ..............................................................आत्मज.......................................... एतद् द्वारा कथन करता हूँ कि मेरे द्वारा निविदा की समस्त शर्तों का अध्ययन कर लिया गया है तथा सभी शर्ते मान्य हैं।

2. मैं (नाम) .....................................................................आत्मज......................................... एतद् द्वारा निविदा प्रतिभूति (ई.एम.डी.) राशि रू. .................................................. ई–पेमेंट रसीद क्र. ................................ दिनॉक ................................ द्वारा ऑनलाइन भुगतान कर दिया है।

3. मेरे द्वारा निविदा के शर्तों अधिसूचना क्र./एम.एफ.पी.–पार्क/निविदा /पैकेजिंग–1/2026/278, दिनॉक 18.03.2026 के उल्लंघन अथवा पालन नहीं होने की दशा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल के द्वारा निविदा शर्तों के अनुसार जो भी दण्ड दिया जायेगा, मैं उसका प्रतिभागी होऊँगा।

दिनॉक .............................  निविदाकार के हस्ताक्षर

**साक्षी**

1. हस्ताक्षर — नाम ..................................................

नाम.................................... — निविदाकार का पूरा पता

पता .................................. — (पत्र व्यवहार के लिये)

........................................... — .............................................................

दूरभाष क्र.......................... — .............................................................

2. हस्ताक्षर — दूरभाष क्र.. .........................................

नाम ...............................................................

पता ...............................................................

दूरभाष क्र..........................

परिशिष्ट –3

# संस्था / फर्म / वितरक / एजेण्ट की जानकारी

निविदाकार / संस्था / फर्म / का नाम :

पत्र व्यवहार का पता :

स्थायी पता :

दूरभाष क्र.. :

फैक्स क्र.. :

ई–मेल क्र. :

**GST** क्र. :

हस्ताक्षर ..............................................................

नाम ..............................................................

पदनाम ..............................................................

दूरभाष क्र .................................... ..........................

परिशिष्ट –4

## चेक लिस्ट/जाँच सूची

| क्र. | विवरण | पृष्ठ संख्या | | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | |
| 1. | ई–पेमेंट द्वारा जमा निविदा शुल्क का ब्यौरा | | | |
| 2 | ई–पेमेंट द्वारा जमा निविदा प्रतिभूति (ई.एम.डी.) राशि का ब्यौरा | | | |
| 3 | फर्म/संस्था/कम्पनी के पंजीयन का प्रमाण पत्र | | | |
| 4. | आयकर विभाग द्वारा जारी पेन/टेन कार्ड की प्रति | | | |
| 5. | जीएसटी पंजीयन प्रमाण–पत्र | | | |
| 6. | चार्टड एकाउटेंट/अंकेक्षक द्वारा प्रमाणीकृत विगत तीन वित्तीय वर्ष (FY 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25) के टर्नओवर की प्रति। | | | |
| 7 | पिछले 3 आंकलन वर्षों (AY 2023–24, 2024–25 एवं 2025–26) हेतु जमा आयकर विवरणिका (ITR) की प्रति। | | | |
| 8. | तीन वर्षो (FY 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25) में पैकेजिंग संबंधित सामग्री की आपूर्ति (न्यूनतम रू. 20 लाख प्रतिवर्ष) के कार्य आदेशों/पूर्णता प्रमाण पत्रों की छायाप्रति। | | | |
| 9. | निविदा में भाग लेने के लिए संस्था के लेटरहेड पर अधिकार पत्र | | | |
| 10. | काली सूची में शामिल न होने का घोषणा पत्र | | | |
| 11. | निविदाकार द्वारा घोषणा, परिशिष्ट–2 | | | |
| 12. | वितरक/एजेण्ट की जानकारी, परिशिष्ट–3 | | | |

नोटः– निविदाकार उपरोक्तानुसार अभिलेखों को संलग्न कर प्रस्तुत करेंगे।

हस्ताक्षर ..........................................................

नाम ..........................................................

पदनाम ..........................................................

दूरभाष क्र. ..........................................................